तापमान
अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025

10 शानदार प्रस्तुतियों से जमकर लूटी वाहवाही



10 जलभराव को लेकर हरकत में दिखे अफसर



## खबर संक्षेप

### देशी कट्टा व जिंदा रौंद सहित युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा के फुलेल माजरा रोड से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी को अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रौन्द के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर थाना साहा क्षेत्र मिट्ठापुर फुलेल माजरा रोड पर खड़ा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया गया।

### अफीम के 56 हरे पौधे उगाने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा क्षेत्र के गुरूदेव मोहल्ला से पुलिस ने अफीम के पौधे उगाने के मामले में आरोपी पंकज कुमार को काबू किया है। पुलिस ने मौके से 56 हरे पौधे अफीम जिनका कुल वजन 2 किलो 418 ग्राम भी जब्त किए हैं। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पंकज कुमार ने बिना अनुमति के गुरूदेव मोहल्ला में अपने घर के पास पड़ोसी के प्लाट में अफीम के पौधे उगा रखें है। पुलिस को सूचना यह भी थी कि आरोपी इन पौधो को जल्दी ही खुर्द-बुर्द कर सकता है। सूचना उपरांत पुलिस ने तुरंत ने मौके पर रेड कर सभी पौधों को जब्त किया। इसके बाद आरोपी पंकज कुमार को काबू कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### कमानीदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन को कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार कमानीदार चाकू लेकर बस स्टैंड अम्बाला छावनी के पास खड़ा है। जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 ने रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कमानीदार चाकू जब्त किया था।

### 200 ग्राम चरस समेत तस्कर को किया काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शाहपुर गांव के पास स्थित कृष्णा ढ़ाबा पर नशा तस्कर संदीप पुत्र हुकमी निवासी गांव खरकरामजी जिला जींद को 200 ग्राम चरस नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### अपहरण के आरोपी को काबू कर रिमांड पर लिया

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने सिवाह के पास जीटी रोड स्थित होटल मून से उत्तराखंड निवासी युवक व उसके ड्राइवर का अपहरण करने मामले में मुख्य आरोपी विश्वजीत उर्फ विशु निवासी गांव गोली जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में दीपक की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने शिव चौक पर स्थित कैनरा बैंक के एटीएम में पैसे निकालने आए युवक का एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले आरोपी सोनू पुत्र धर्मसिंह निवासी दीदार नगर कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि ठगी की उक्त वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में कृष्णा नंदन पुत्र इंद्रदेव निवासी राज नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

### अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग सक्रिय

# चूना पत्थर से लदा डंपर जब्त गैर कानूनी तरीके से ढुलाई

**डीसी ने सभी जांच टीमों को कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा**

- हर माह अवैध खनन को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग तथा पुलिस विभाग सक्रियता से कार्य कर रहे है। खनन निरीक्षक सोनू ने बताया कि बीते रोज नारायणगढ़-अंबाला मुख्य मार्ग पर खनन एवं पुलिस विभाग की टीम ने एक डंपर को पकड़ा जिसमें चूना पत्थर (लाइम स्टोन) को अवैध ढुलाई कर ले जाया जा रहा था।

जांच टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया है। खनन निरीक्षक सोनू ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारायणगढ़ उपमंडल में भी लगातार खनन की गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए जांच टीमें फील्ड में रहकर निरंतरता में कार्रवाई कर रही हैं।

इसी कड़ी में नारायणगढ़-अंबाला मुख्य मार्ग पर खनन एवं पुलिस विभाग की टीम ने एक डंपर को पकड़ा। जांच के दौरान डंपर से चूना पत्थर (लाइम स्टोन) को जब्त किया गया। जांच के दौरान पता चला कि चालक गैरकानूनी तरीके से चूना पत्थर की ढुलाई कर रहा था। इसी आधार पर जांच टीम ने डंपर को जब्त कर लिया। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर हर माह बैठक लेकर अवैध खनन को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जा रही है। डीसी ने सभी जांच टीमों को कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अवैध खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**अंबाला।** जांच टीम द्वारा जब्त किया गया डंपर। फोटो : हरिभूमि

**होगी कार्रवाई**

डीसी ने कहा कि अवैध खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जांच टीम में माइनिंग गार्ड रिंकू, फकीर चंद, एएसआई प्रदीप तथा ईएचसी यशपाल अहम भूमिका निभा रहे हैं।

---

### चोरी के 26 मोबाइल फोन के साथ चार युवकों को किया काबू

**अंबाला।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने चार युवकों को पकड़ा। चेकिंग के दौरान उनके पास से 26 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। युवकों ने बताया है कि ये सभी मोबाइल चोरी के हैं। चोरी करने के बाद वे इन मोबाइलों को अंबाला के बाहर बेचने जा रहे थे। इस दौरान जीआरपी ने उन्हें पकड़ लिया। एएसआई अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपनी टीम के साथ स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान वहां चार युवक नजर आए। पूछताछ करने पर युवक जीआरपी के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। जीआरपी की टीम ने युवकों की चेकिंग की तो उनके पास से चोरी के 26 मोबाइल बरामद हुए। जीआरपी ने साइबर पुलिस के सहयोग से सभी फोन के असली मालिक तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया है।

- शहर के बाहर चोरी के मोबाइल बेचने जा रहे थे आरोपी

इधर, चारों युवकों को पकड़ लिया गया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी को जेल भेज दिया गया है। युवक अंबाला से यह मोबाइल चुरा कर लाए थे। उनको अच्छे दामों पर बेचने के लिए वह अंबाला से बाहर जाने की फिराक में थे कि तभी जीआरपी द्वारा उनको पकड़ लिया गया।

---

# नहर में फेंकी बच्ची का शव भाखड़ा से बरामद



**तरावड़ी।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

- आरोपी कलयुगी पिता को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/तरावड़ी

कलयुगी पिता द्वारा कुरुक्षेत्र में नहर में सात दिन पहले फेंकी गई 7 वर्षीय आंचल बच्ची का शव तरावड़ी के गांव सांभी के नजदीक भाखड़ा से बरामद किया गया है। कुत्तों के नोचने से आंचल का चेहरा क्षत विक्षत हालत में मिला है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर टीम को भी बुलाया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए चश्मदीद ने बताया कि आज सुबह वह नहर के पास से जा रहा था तभी नहर के किनारे कुत्तों का झुंड शव को नोंच रहा था। पास जाकर देखा तो एक बच्ची का शव था, जिसने स्कूल की वर्दी पहनी थी। तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे निगदू पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया 1 मार्च को ललित नाम के व्यक्ति ने अपनी 7 साल की बेटी को नहर में फेंक दिया था। जिसके बाद मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। बच्ची की तलाश गोताखोर और पुलिस की टीमें लगातार कर रही थी। आज बच्ची के शव को नहर से बरामद किया गया है।

शव का पोस्टमार्टम करवाकर बच्ची के शव का संस्कार किया जाएगा। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया घरेलू कलह के चलते पिता ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है।

#### पत्नी ने मांगी आरोपी पति के लिए फांसी

आरोपी की पत्नी शांति देवी ने कहा कि आरोपी पति को फांसी की सजा होनी चाहिए। यह पहले भी बच्चों को मारने की कोशिश कर चुका है।

---

### रंजिश के चलते मां-बेटे समेत तीन पर जानलेवा हमला

- पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद किया
- 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**यमुनानगर।** शहर के कमानी चौक स्थित हरिनगर कॉलोनी में दर्जन भर युवकों ने मां-बेट पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर पांच आरोपी युवकों को नामजद करते हुए 10 अन्य के खिलाफ केस दर्ज लिया है।

हरिनगर निवासी सौरव गुप्ता ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले उसका मन्नी व राम के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। पांच मार्च को रात साढ़े नौ बजे वह अपने दोस्त के साथ किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी मन्नी व राम ने अपने साथियों हन्नी, राजू नेपाली, अटल व 8-10 अन्य दोस्तों के साथ उन दोनों को रास्ते में रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उन पर ईंटों व लोहे के पाइप से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब उसकी मां मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आजाद नगर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उनकी कॉलोनी के ही सोनू, नेकपाल, गौरव, अनिल कुमार, रामतीर्थ व टीटू ने रंजिश के चलते उसे व उसके भाई रवि कुमार, दीन दयाल व घर की औरतों के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

---

### समालखा में ट्रेन से कट कर अज्ञात युवक की मौत

**समालखा।** समालखा में दीवाना फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक की मौत ट्रेन से कट कर हुई है और उसका शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हालत में मिला।

घटना खलीला गांव के रास्ते पर रेलवे फाटक के नजदीक की है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी समालखा चौकी प्रभारी जसबीर ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच है। उसके एक हाथ पर अंग्रेजी में 'संजय' लिखा है और बाजू पर बाज का टैटू बना हुआ है।

---

# देसी गाय ने जीता 15 हजार का पुरस्कार

- 9 किलो 126 ग्राम दूध दिया जय भगवान रतनगढ़ की गाय ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

राजकीय पशु चिकित्सालय अधोया के तहत पशु औषधालय ककराला गुजरान में दुग्ध प्रतियोगिता हुई।

पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. सुरजीत सिंह कंडोला की अध्यक्षता में हुई इस प्रतियोगिता में पशुपालक जय भगवान रतनगढ़ ककराली की हरियाणा नस्ल की देसी गाय 9 किलो 126 ग्राम दूध देकर 15 हजार का पुरस्कार जीता।



प्रतियोगिता पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग की देसी गायों के संवर्धन एवं संरक्षण स्कीम के तहत करवाई गई थी। जिसका उद्देश्य पशुपालकों को देसी नस्ल के प्रति प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर डॉ. आर्यन अधोया, डॉ. हरदीप सिंह मोहनपुर, राजपाल, संजीव, गौशाला प्रधान सोहन लाल, अभे राम, नेसी सुमेरपाल आदि मौजूद थे।

---

# ईवीएम स्ट्रांग रूम का कैमरा मिला बंद, शिकायत करने के बाद जांच

- एसडीएम बोले, तेज हवा की वजह से बंद हो गया था कैमरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद के चुनावों को लेकर अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रुम का कैमरा बंद हो गया। सुबह लगभग 7.30 बजे एसडी कॉलेज पहुंचे वार्ड 17 के आजाद प्रत्याशी चंद्र छिब्बड़ ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बाकायदा इसकी शिकायत कैंट एसडीएम विनेश कुमार से की। मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने तुरंत सहायक निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार को एसडी कॉलेज भेजा और मामले की जांच के निर्देश दिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने जब कैमरों की जांच की तो इसमें से 10 नंबर कैमरा बंद मिला। जब इससे जुड़ी तकनीकी खामी देखी गई तो पाया कि तेज हवा के कारण कैमरे की तार हिल गई थी और इस कारण कैमरा बंद हो गया था।

उन्होंने प्रत्याशी को समझाया कि बाकी सभी कैमरे चल रहे हैं। जो कैमरा स्क्रीन पर बंद नजर आ रहा है, उसका बैकअप भी उनके पास है। इसके बाद मामला शांत हो गया। नगर परिषद अंबाला सदर के चुनाव दो मार्च को संपन्न हुए थे।

**12 कैमरों से निगरानी**

चुनावों के बाद यहां सभी 32 वार्डों की ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करवा दिया गया था जोकि अब 12 कैमरों की निगरानी में है। इसके लिए दो बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई हैं। इसके अलावा दर्जनभर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई है। इसके अलावा यहां सिर्फ अधिकृत व्यक्ति के ही प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है। एसडीएम विनेश कुमार ने बताया कि हवा के कारण 10 नंबर कैमरा बंद हो गया था। इसे दुरुस्त करवा दिया गया है। मौके पर जाकर जांच की गई थी।

---

# महिला को कार में अगवा कर किया दुष्कर्म

- आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर की वायरल
- दंपति के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर अंबाला पुलिस को रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंबाला की रहने वाली महिला को कार में अगवा कर दुष्कर्म करने तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने घटना रादौर क्षेत्र की बताई है जबकि उसे अगवा अंबाला में ही किया गया। पीड़िता की शिकायत पर थाना रादौर पुलिस ने दंपती के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज केस को अंबाला ही ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार अंबाला की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले साल 22 जून को किसी काम से सहारनपुर गई थी। वापस लौटकर जब वह अंबाला पहुंची तो कार सवार चार लोगों ने उसे जबरदस्ती कार में बैठा लिया और उसे लेकर रादौर आ गए। आरोप है कि रादौर में उसके साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी वीडियो बनाई गई। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उसे उसकी आपत्तिजनक वीडियो दिखा कर रुपये की डिमांड की। ऐसा न करने की उसने बहुत गुहार लगाई लेकिन आरोपी माने नहीं और अब उसकी वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल कर दिया है। आरोपी दंपति के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया है।

#### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

**यमुनानगर।** जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने अंबाला ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर लिया। जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी शील रतन बुद्ध के साथ जान पहचान थी। आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। इसके बाद आरोपी उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। गत दो फरवरी को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी को मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे अंबाला लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे यमुनानगर लेकर आया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना दिया। उसके बार-बार समझाने पर भी आरोपी शादी करने के लिए नहीं माना। परेशान होकर उसने आरोपी शील रतन बुद्ध के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

- पीड़िता के समझाने पर भी शादी करने को तैयार नहीं हुआ युवक

---

### एसडी कॉलेज में महिला कवि सम्मेलन आयोजित

# महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक

- अभाव भरा जीवन जीने वाली स्त्रियों के हक में आवाज उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला कवि सम्मेलन हुआ। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लित व मां सरस्वती की वंदना से किया गया। वहीं, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की दृष्टि एवं विख्यात व्यवसायी शालू रही। महिला काव्य मंच पानीपत इकाई के अध्यक्ष प्राची सिंगला विशिष्ट अतिथि रही।

मंच संचालन डॉक्टर संतोष कुमारी व मानवी ने किया।जबकि अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका व कवियित्री डॉक्टर संतोष कुमारी ने कहा कि महिला दिवस हम सशक्त महिलाओं द्वारा उन वंचित शोषित के वर्ग में डूबी अभाव भरे जीवन जीने वाली स्त्रियों के हक में आवाज उठाने का दिन होता है। समाज में यह संदेश देने का दिन होता है की महिला और पुरुष परस्पर विरोधी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक है। उन्होंने दुनिया से विदा होती मासूमियत को वापस आने का न्योता दिया और समाज में महिला पुरुष दोनों को एक दूसरे का सहारा बनने का संदेश दिया। मतलौडा से पधारी डॉक्टर मंजू शर्मा ने सीता यशोदा की तपस्या का जिक्र किया तो प्रोफेसर मणि ने नाजुक लड़कियों की सुरक्षा का सवाल उठाया। प्रोफेसर कविता वजुगमती और शिवरानी ने अपनी ओजस्वी वाणी में महिलाओं की आवाज उठाई।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में कवि सम्मेलन में भाग लेती कवियित्रियां।

#### पुरुषों के पक्ष की बात की

सुश्री मानवी ने पुरुषों के पक्ष की बात की तो कंचन प्रभाती ने बदलते परिवेश में बदलते माहौल की बात की तो शालू गुप्ता ने संभ्रांत महिलाओं को अपने अधीनस्थ कर्मचारी महिलाओं के प्रति मानवता पूर्ण रवैया अपनाने के लिए कहा। कार्यक्रम में डॉ. संतोष कुमारी, प्रो. मानवी, प्रो. मानसी, प्रो. मनी, प्रो. कविता, प्रो. जुग्मतीआदि उपस्तिथ रहे।

---

### आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर चुराया राशन

**यमुनानगर।** सरस्वती नगर में चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर हजारों रुपये का राशन चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी आंगनबाडी वर्कर ज्योति अग्रवाल व शशीबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चार मार्च को आंगनबाड़ी से काम खत्म करके ताला लगाकर अपने घर चली गई थी। अगले दिन सुबह जब वह आंगनबाड़ी में पहुंचे तो ताला टूटा मिला।

जांच करने पर अंदर से दो क्विंटल गेहूं, एक क्विंटल चावल, दो कट्टे आटा, वाईफाई व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी के दोषी को जेल भेजा

पिहोवा। पुलिस ने कबूतरबाजी के मामलों पर नकेल कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना सदर पेहवा पुलिस ने खुशहाल शर्मा वासी माता गेट कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 11 अक्टूबर को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बलराम वासी खेडी शीशगरां ने बताया कि वह बेरोजगार है और विदेश जाना चाहता था। इस बारे में उसने नीरज शर्मा, खुशहाल शर्मा व राजेन्द्र शर्मा वासी कैथल तथा गैरी वासी गांव गादडी, कैथल से मुलाकात की जो विदेश भेजने का काम करते हैं। वो उसको ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे जिसके लिए 11 लाख रुपए खर्च आएगें। उसे अपनी इनकम टैक्स रिर्टन भरनी होगी व उसके कुछ दस्तावेज बनवाने होगें। इसके बाद 16 अप्रैल को उसने आरोपी के द्वारा मांगे गये कागजात व करीब 65 हजार रुपये दे दिए। कुछ समय बाद उनके द्वारा दिए गये खाते में अलग-अलग तारीखों को करीब 9 लाख रुपये और जमा कर दिए। अब ना तो आरोपी उसका वीजा लगवा रहे हैं और ना ही उसके पैसे वापस कर रहे हैं।

- ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 11 लाख में किया सौदा

#### आरोपी कैथल से दबोचा

21 जनवरी को मामले में सहायक उप निरीक्षक सिंगारा सिंह की टीम ने नीरज शर्मा, कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से 20 हजार रुपये बरामद किये गए थे। 6 मार्च को टीम ने आरोपी खुशहाल शर्मा वासी कैथल को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया गया।

**खबर संक्षेप**

### दुकान से चोरों ने चोरी कर लिया हजारों का सामान

**यमुनानगर।** रादौर के कमेटी चौंक स्थित दुकान के पीछा का दरवाजा तोड़कर चोरों ने 20 हजार रुपये और मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कमेटी चौक रादौर निवासी हरिंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कमेटी चौंक के पास ही दुकान है। रात को नौ बजे वह दुकान से काम खत्म करके ताला लगाकर घर आ गया था। सुबह आठ बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान के पीछा का दरवाजा टूटा हुआ था। दुकान के गल्ले से 20 हजार रुपये और मोबाइल गायब मिला।

### एक ही परिवार के तीन लोगों पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव मारवां कलां में जाति सूचक शब्द बोलने के आरोप में पुलिस ने परिवार के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। गांव मारवां कलां निवासी विकास कुमार ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही मोहित कुमार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखे हुए था। विकास ने बताया कि छह मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था।

## निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से किया ध्वस्त

# दो अनाधिकृत कॉलोनियों के निर्माण कार्य पर चला पीला पंजा

**जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने लोगों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत का पैसा निवेश नहीं करने के लिए किया आह्वान**


**यमुनानगर।** बिलासपुर एरिया में मौजा शाहपुर में अनाधिकृत कॉलोनी में बनाए गए निर्माण कार्य को ध्वस्त करते हुए जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बिलासपुर के कंट्रोल एरिया में पड़ने वाले शाहपुर में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों में बनाए गए निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान ऐहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने लोगों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहतन की कमाई को निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है। जानकारी के मुताबिक उपायुक्त पार्थ गुप्ता के निर्देशानुसार जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार विभागीय कर्मचारियों व ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किए गए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ बिलासपुर के शाहपुर में बनाई जा रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों के स्थल पर पहुंचे। इस दौरान करीब 8.5 एकड़ में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनियों में बनाई गई सड़कें, नींव व अन्य निर्माण कार्य को जेसीबी की मशीन की मदद से ढ़हा दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को कन्ट्रोल एरिया एक्ट नंबर 12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भूमालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माणों की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं ली गई। जिसके कारण अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्य को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई।

**अवैध कॉलोनी में न करें निवेश**

*जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण को सूचित किया कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।*

# 246 छात्राओं के स्वास्थ्य को जांचा

- चिकित्सकों ने शिविर में छात्राओं को दी बीमारियों से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 246 छात्राओं व स्टॉफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने किया। शिविर की संयोजक प्रो. गुरविंदर कौर ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रतिष्ठित डॉक्टरों डॉ. अंजना तलुजा और डॉ.आरती नैन आदि की टीम ने 246 छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान 114 की सामान्य जांच की गई और 75 प्रतिभागियों के एचबी परीक्षण किए गए। मौके पर छात्राओं व स्टॉफ सदस्यों को चिकित्सकों ने बीमारियों के बचाव के उपाय बताए। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने छात्राओं के स्वास्थ्य व कल्याण में चिकित्सकों के अमूल्य योगदान की सराहना की।

# गीता का स्वाध्याय करवाना समय की जरुरत

- शारदा गुरुकुल कलेसरा में श्रीमद्भागवत गीता पर विचार गोष्ठी का आयोजन
- इस्कॉन यमुनानगर के परीचर प्रभु आनंद निधि दास ने मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


प्रभु आनंद दास

शारदा गुरुकुल कलेसरा(रादौर ) में श्रीमद्भागवत गीता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में इस्कॉन यमुनानगर के परीचर प्रभु आनंद निधि दास ने भाग लिया।

उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एवं इस्कॉन यमुनानगर के परीचर प्रभु आनंद निधि दास ने फरमाया कि वर्तमान में प्रत्येक स्कूल में गीता का स्वाध्याय करवाना समय की है जरुरत है। उन्होंने कहा कि गीता के तीसरे अध्याय के श्लोक संख्या 21 का विवेचन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि श्रेष्ठ पुरुष जो जो आचरण करते हैं। इसके अनुसार अन्य पुरुष भी वैसा वैसा आचरण करते हैं। जो कुछ भी वे आदर्श स्थापित कर जाते हैं। उन्होंने अध्यापकों को आह्वान किया कि हमें भी श्रीराम, श्रीकृष्ण, स्वामी विवेकानंद, चंद्रशेखर आजाद, रवींद्र नाथ टैगोर, बाल गंगाधर तिलक जैसे महान पुरुषों के श्रेष्ठ जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यापकों को चाहिए कि विद्यार्थियों को को श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन चरित्र पढ़ने के लिए प्रेरित करें। श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन चरित्र पढ़कर विद्यार्थियों में श्रेष्ठतम बनने की भावना विकसित होने लगती है। उन्होंने कहा कि गीता के अध्यात्मिक चिंतन का आधार वैज्ञानिक है। शैक्षणिक उत्कृष्टता, चरित्र निर्माण व आध्यात्मिक पूर्णता का आधार श्रीमद्भागवत गीता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल में गीता का स्वाध्याय करवाना समय की जरूरत है। मौके पर शारदा गुरूकुल कलेसरा में विद्यार्थियों द्वारा गीता के श्लोक का गायन किया गया।

# दिया अरोड़ा व त्रिप्ती राणा ने जीता प्रथम पुरस्कार

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन (रादौर) में नेशनल कॉन्फ्रेंस द फार्मा अन्वेषण 2025 सम्मेलन का आयोजन
- सम्मेलन में एसडीएम रादौर ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूशन में आयोजित सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत करते हुए विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी नाचरौन(रादौर) में पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक के मार्ग दर्शन व सोसायटी ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के सहयोग से एक दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस द फार्मा अन्वेषण 2025 सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रुप में रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य फार्मेसी क्षेत्र में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देना रहा। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सम्मेलन में पोस्टर प्रेजेंटेशन व ओरल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मौके पर विद्वानों ने अपने शोधपत्र भी प्रस्तुत किए। सम्मेलन में आयोजित पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में चौधरी देवी लाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी यमुनानगर की दिया अरोड़ा व त्रिप्ती राणा ने प्रथम पुरस्कार जीतने में सफलता प्राप्त की। वहीं, रौनक, प्रतिभा, भविष्या व सज्जाद रादौर ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जगजीत कौर व संगीता वर्मा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

**ओरल प्रेजेंटेशन में आंचल रही प्रथम**

ओरल प्रेजेंटेशन में पहला स्थान आंचल ने प्राप्त किया। जबकि स्थान पुरणमूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अभिषेक को द्वितीय व महऋषि मारकंडेश्वर कॉलेज ऑफ फार्मेसी मुलाना के एमडी फैजान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्यातिथि एवं एसडीएम नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। गेस्ट ऑफ ऑनर में जीजीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी यमुनानगर के प्रिंसिपल प्रो. डॉ. कुमार गूर्वे, मार्केट रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड नोयडा के फाउंडर एंड डायरेक्टर डॉ. उपेंद्र नागाइच, साइंटिस्ट पेटेंट इनफार्मेशन सेंटर के डॉ. राहुल तनेजा, ऋतु मेहला, चेतन वर्मा, गुलशन कुमार ने फार्मास्युटिकल सेक्टर में उद्यमशीलता के कौशल के महत्व और अनुसंधान आधारित नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा को किया सम्मानित

- मोहल्ला सोसायटी मॉडल टाउन यमुनानगर ने सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा को प्रशंसितपत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** सिटी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा को उनकी नि :स्वार्थ सेवा भाव के लिए सम्मानित करते हुए मोहल्ला सोसायटी मॉडल टाउन यमुनानगर के सदस्य।

मोहल्ला सोसायटी मॉडल टाउन यमुनानगर द्वारा शहर के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा को नागरिकों के प्रति कर्त्तव्य परायणता व निःस्वार्थ सेवा भाव के लिए प्रशंसितपत्र देकर सम्मानित किया है। मौके पर मोहल्ला सोसायटी यमुनानगर के सदस्यों ने अन्य पुलिस कर्मचारियों को भी नरेंद्र राणा की नागरिकों के प्रति कर्त्तव्य परायणता और उन द्वारा की जा रही निःस्वार्थ भाव से सेवा से प्रेरणा लेकर लोगों की सेवा करने के लिए आहवान किया है। मौके पर सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने मोहल्ला सोसायटी का उन्हें सम्मानित करने के लिए आभार जताया है। मोहल्ला सोसायटी मॉडल टाऊन के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सोसायटी के सदस्य प्रो. योगेश कुमार, जितेंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, चरण कमल, लवलीन धामी, अमन धीमान, अमन जॉली, अनमोल धमीजा, मोहित चानना, विशाल भास्कर, गगनदीप, मिनी जॉली, श्वेता आदि मौजूद रही।

**बहुत बड़ी उपलब्धि**

मौके पर सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य प्रो. योगेश कुमार व अन्य सदस्यों ने बताया कि यद्यपि हम सब जानते हैं कि यह उनका दायित्व है कि वे शहर की कानून व्यवस्था बनाए रखें। लेकिन इन सबसे ऊपर उठकर जब कोई पुलिस अधिकारी जनसामान्य की भावनाओं को समझते हुए निष्पक्ष निर्णय लेकर जनमानस के दिल जीत लेता है तो यह उसके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने बताया कि सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह राणा ने अपने व्यवहार एवं कार्यशैली से लोगों के दिलों पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। वे हमेशा न्याय के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने हमेशा निडर एवं निर्भीक होकर किसी भी केस की जांच कर पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाने का सराहनीय कार्य किया है।

# बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर की जा रही कार्रवाई

- जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन व खनन विभाग का रात दिन चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान
- चालान काटे गए वाहनों पर लगाया सात लाख 54 हजार 500 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** बिना ई .रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच के लिए लगाए गए नाका पर तैनात खनन विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिला में अवैध खनन करने व बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों पर जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा शिकंजा कसने के लिए चलाया जा रहा अभियान जारी है। जिला प्रशासन द्वारा बीती रात 1497 वाहनों की चैकिंग कर 58 वाहनों के चालान कर 7 लाख 54 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता में अवैध खनन करने वाले व ई-रवाना बिल के खनिज वाहनों पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर रात दिन कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 709 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा 18 वाहनों का चालान कर 1 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 181 वाहनों की चैकिंग के दौरान 12 वाहनों का चालान कर 1 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 510 वाहनों की चेकिंग के दौरान 7 वाहनों का चालान कर 1 लाख 26 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 97 वाहनों की चेकिंग के दौरान 21 वाहनों का चालान कर 3 लाख 23 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

**संजीदगी से की जा रही है कार्रवाई**

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।*

# मन्नत व सौरव ने जीता बेस्ट एथलीट का खिताब

- मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन
- प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को मेडल पहनाकर स्वागत करते हुए स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में चल रही 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन पर लड़कों की लंबी कूद, हैमर थ्रो, टक ऑफ वार व लड़कियों की सौ मीटर दौड़, ऊंची कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कॉलेज के डीपी डॉ. महेंद्र सिंह आलमपुर ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित लड़कों की लॉंग जंप प्रतियोगिता में खिलाड़ी सौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, वंश ने द्वितीय व आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो प्रतियोगिता में सौरभ पहले, सौरव दूसरे व मोहित तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की लॉंग जंप प्रतियोगिता में निशा पहले, मन्नत दूसरे व रजविंदर तीसरे स्थान पर रही। वहीं, लड़कियों की सौ मीटर दौड़ में मन्नत पहले, निशा दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर रही। लड़को की टग ऑफ वार प्रतियोगिता में बीए वन की टीम प्रथम व बीए तृतीय की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

# हर वर्ग के विकास के लिए हो रहा काम

- हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जगाधरी में जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उक्त शब्द जनसंपर्क अभियान के तहत जगाधरी में आयोजित सभा में कहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास सबका विश्वास के साथ समस्त भारत को प्रगति के पथ पर एक साथ लेकर चलना ये भारतीय जनता पार्टी का विजन रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में साढेÞ नौ साल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवी एक इस नारे के ऊपर काम करते हुए पूरे प्रदेश में समान रुप से विकास करवाया। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और तेज गति से पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जो योजनाएं चलाई थी उनको आगे बढ़ा रहे हैं और नई योजनाएं लेकर आ रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि समाज के हर वर्ग किसान, युवा एवं महिलाओं सभी के विकास के लिए काम किया जा रहा है।

## पुराने कपड़े, प्लास्टिक व बिजली का सामान देकर बदले में ले सकते हैं थैले

# नगर निगम ने शहर में खोले ट्रिपल आर सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यदि आपके घर पुराने कपड़े, प्लास्टिक का टूटा फूटा सामान, बिजली का खराब सामान पड़ा है तो उसे फेंके नहीं। उसे नगर निगम द्वारा बनाए गए ट्रिपल आर (रिसाइकल, रीयूज व रिड्यूस) सेंटर में दे सकते है। सेंटर में इस बेकार सामान को पुन इस्तेमाल करने के लिए अन्य सामान तैयार किया जाएगा। इससे जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं, बेकार वस्तुओं को दोबारा इस्तेमाल के लिए अन्य रूप दिया जाएगा। उक्त जानकारी निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने दी।



**यमुनानगर।** ट्रिपल आर सेंटर पर पुराने कपड़ों के बदले थैले देती महिलाएं।

**निगम ने इन स्थानों पर बनाए ट्रिपल आर केंद्र**

नगर निगम द्वारा नेहरू पार्क, बैंक कॉलोनी, कांसापुर व अन्य स्थानों पर ट्रिपल आर केंद्र बनाकर पुराने कपड़े व बेकार सामान लिया जा रहा है। इसके अलावा संतपुरा रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा भी ट्रिपल आर सेंटर बनाया गया है। जहां लोगों को पुराने कपड़े व सामान के बदले कपड़े के थैले भी दिए जा रहे हैं। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने शहरवासियों से अपील की कि वे पुराने कपड़ों, प्लास्टिक, बिजली व अन्य सामान को कचरे में न फेंके। इसके अलावा ऐसी वस्तुएं जो हमारे उपयोग की नहीं रही हों पर और कोई दूसरा उपयोग कर सके। ऐसे सामान व वस्तुओं को ट्रिपल आर सेंटर पर दें। ताकि उसका सदुपयोग किया जाए।

**स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शुरू किया गया कार्यक्रम**

नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत ट्रिपल आर सेंटर पर वेस्ट टू एक्सचेंज कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत पुराने कपड़े, प्लास्टिक का सामान, ई-वेस्ट और घर का बेकार हो चुका सामान देने वालों को कपड़े के थैले दिए जा रहे है। ब्रांड एंबेसडर शशी गुप्ता ने निगम द्वारा कई स्थानों पर ट्रिपल आर सेंटर चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा भी संस्थान प्रांगण में ट्रिपल आर सेंटर बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व : निदेशक

**कुरुक्षेत्र**। गुरुकुल के एन.डी.ए ब्लॉक में छात्रों के लिए विशेष गाइडेंस सैशन हुआ, जिसमें ब्रिगेडियर विकास कुमार, ग्रुप कमांडर एन.सी.सी. अम्बाला और कर्नल हरप्रीत सिंह, कमांडिंग ऑफिसर 10 हरियाणा बटालियन, कुरुक्षेत्र विशेष रूप से पधारे। गुरुकुल पहुंचने पर दोनों अतिथियों का निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार के साथ एनसीसी इंचार्ज कैप्टन श्रवण कुमार ने स्वागत किया।

### नितिन गोयल प्रधान एवं राजेंदर बने महासचिव

**कुरुक्षेत्र**। अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 (दी महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सोसाइटी रजि.) के कार्यकारणी के चुनाव आगामी दो वर्षों के लिए सम्पन हो गए हुए। इन चुनावों में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के उद्योगपति नितिन गोयल को स्कूल मनेजमेंट कमेटी का प्रधान निर्विरोध चुना गया। उद्योगपति ईश्वर चन्द सिंगला को उप प्रधान, प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंदर सिंघल को महासचिव, उद्योगपति रमेश बंसल को सहसचिव, उद्योगपति राजेश अग्रवाल को प्रबंधक, व्यवसाई प्रवेश कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, समाजसेवी माणिक गोयल को पीआरओ एवं प्रसिद्ध चिकित्सिक डॉ. के. सी अग्रवाल, डॉ आर. एन. बंसल एवं संजय गोयल को कार्यकारणी सदस्य चुना गया।

### खाटू श्याम के दर्शनों के लिए ट्रेन सेवा हुई शुरू

**कुरुक्षेत्र**। सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास से खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के लिए शुरू हुई ट्रेन को लेकर श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। बाबा खाटू श्याम से यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ट्रेन यात्रियों के जत्थे का भव्य अभिनंदन किया। वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग के नेतृत्व में ट्रेन चालक विनोद शर्मा और सह चालक बलजीत सिंह को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी एवं वैश्य अग्रवाल पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद गर्ग ने कहा कि यहां से खाटू श्याम बाबा के दर्शनों के लिए ट्रेन सेवा नहीं थी, जिसे शुरू करने की मांग को लेकर धर्म प्रेमियों और श्रद्धालुओं की ओर से सांसद नवीन जिन्दल को मांग पत्र सौंपा गया था।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान विशेष कार्यशाला आज से

**कुरुक्षेत्र**। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा मास्टरींग रिसर्च मेथडोलॉजी विथ स्मार्ट पर एक विशेष एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन 8 मार्च से 12 मार्च तक किया जाएगा। यह कार्यशाला उन्नत शोध तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें संरचनात्मक समीकरण मॉडलिंग, मध्यस्थता और मॉडरेशन विश्लेषण, और डेटा विश्लेषण के अत्याधुनिक तरीकों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन सत्र 8 मार्च को व्यवसाय प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र**। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा सभी खंडों में शिक्षकों के सैलरी बजट में आ रही समस्या को दूर करना, एसीपी मामले जिन पर रोक लगा दी गई है उन्हें जल्द पूरा करने के लिए प्रयास करना, 2017 बैच के जिन साथियों का नोशन बेनिफिट संबंधी मामले ऑफिस में आए हुए हैं।

### बच्चों का दाखिला करवाने के लिए किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र**। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा के स्टाफ सदस्यों इंचार्ज सूबे सिंह व सत्यवान ढांडा ने गांव में मुनादी के साथ-साथ सरकारी मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में दाखिल करवाने के लिए अभिभावकों को सकारात्मक रूप से प्रचार करते हुए काउंसिल किया है तथा बच्चों के दाखिले के लिए प्रेरित किया।

---

### सेक्टर 3 स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में नारी शक्ति सम्मान समारोह होगा आयोजित

# आज नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित होंगी प्रदेश के विभिन्न शहरों की प्रतिभाएं

कार्यक्रम में ही एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

आज 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेक्टर 3 स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा और इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्र को समर्पित नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया जाएगा जिनमें प्रोफेसर सुशीला चौहान, राजकुमारी पंवार, ज्योति रोहिल्ला, डॉ. नीतू बाला, अंजलि शर्मा, कंचन बाला, डॉ. कान्ता वर्मा, पिंकी श्योराण, सुषमा चौधरी, राजवंत कौर, मोनिका भाटिया, आरती, रजनी बाला, नवीन, हिमशिखा, एकजोत कौर, किरण चड्ढा, मिनाक्षी शर्मा और सुरेखा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इनके अतिरिक्त जीवनपर्यन्त समाज के लिए तत्पर सेवाभावी सूरज कमल सेठ और डॉ. एम एम सिंह को आजीवन सेवा सम्मान से सुशोभित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ही एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।



#### शिक्षिकाओं को सम्मानित किया

प्रो. महासिंह पूनिया जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने विश्व महिला दिवस पर समस्त विश्व की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने पूरे भारत में मंदिरों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। पिछले दो दशकों में सामाजिक, आर्थिक, राजनीति और शैक्षणिक क्षेत्रों में भारत की महिलाओं में अद्वितीय उन्नति की है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है क्योंकि हमने यह खुद से शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवर्तन तभी आगे विकसित होता जब उसकी खुद से शुरूआत करते हैं। इस अवसर पर संस्थान की समस्त शिक्षिकाओं को पवित्र गीता और स्टॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचनद शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र सचिव और संस्थान में तकनीकी सहायक राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. अनिता दुआ, डॉ. मधुदीप, डॉ. जयकिशन भारद्वाज और गौरव कुमार, कंवरदीप शर्मा, रितु, सुनिता, कंचन, अर्पणा, प्रीति, राहुल अरोड़ा, अमित जांगड़ा, राकेश कुमार, सन्नी जांगड़ा, डॉ. अभिनव, डॉ. रोशन मस्ताना, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. कांता, डॉ. सपना, जितेन्द्र रोहिल्ला के साथ शोधार्थी सचिन कुमार और संस्थान के विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

#### *महिलाओं के सशक्तिकरण में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदान*

*विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान और पंचनद शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुन्याश्लोका अहिल्याबाई होल्करः आईडल ऑफ विमेनहुडह्ल विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्टेट इस्टियूट ऑफ एंडवास स्टडीज इन टीचर एजुकेशन, हरियाणा, झज्जर के निदेशक डॉ. ऋषि गोयल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में अहिल्या बाई होल्कर का अमूल्य योगदान है क्योंकि वर्तमान में जिस सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक जिम्मेवारियों के पदों पर महिलाओं की भागीदारी दिखाई देती है उसके पीछे देवी अहिल्या बाई होल्कर की झलक दिखती है। इस अवसर पर पर महिला अध्ययन अनुसंधान केंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की निदेशक प्रोफेसर अनिता दुआ ने कहा कि समाज में महिलाओं की समान सहभागिता की जरूरत है क्योंकि समाज में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र का विकास महिलाओं को समान भागीदारी देने ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के सपने को तभी पूर्ण किया जा सकेगा जब तक महिला और पुरुष बराबर समझे जाएंगे।*

## महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, और अधिकारों के लिए रहना चाहिए निरंतर प्रयासरत

- 19 मार्च 1911 में स्विट्जरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क जैसे देशों में पहले बार इस दिन को मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित किया गया है। इस दिवस पर लोगों को महिलाओं के प्रति आदर सम्मान, उनके अधिकारों, उनकी उपलब्धियों को बताने के साथ ही लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत 20 सदी की शुरूआत में महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने के लिए हुई थी। पहली बार अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में महिलाओं ने अपने लिए वोट देने का अधिकार एवं उचित वेतन के लिए मार्च निकाला था। पहली बार 19 मार्च 1911 में स्विट्जरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क जैसे देशों में पहले बार इस दिन को मनाया गया। यह दिन महिलाओं का सम्मान करने और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करने का अवसर है।

#### महिलाओं के योगदान को पहचानना चाहिएः स्वीटी



गांव इश्हाक निवासी स्वीटी रानी ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं को प्रेरित करने का जरिया है। महिला दिवस याद दिलाता है कि महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, और अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कहा कि महिला दिवस सिर्फ एक दिन मनाने की चीज नहीं, बल्कि हमें हर दिन महिलाओं के योगदान को पहचानना चाहिए और उन्हें समान अवसर देने चाहिए।

#### शिक्षा से महिलाएं सशक्त हो सकती : निशा रानी



न्यू कॉलोनी निवासी महिला निशा रानी ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। समाज को चाहिए कि वे महिलाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग दें। उनका मानना है कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे महिलाएं सशक्त हो सकती हैं। हमें बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना होगा।

#### अभिभावकों को जागरुक करने की जरुरतः सोनिया



सोनिया ने बताया कि महिलाओं की दशा में बहुत सुधार है। लेकिन लड़कियों के अभिभावकों को ओर ज्यादा जागरुक करने की जरुरत हैं क्यों की वे कम उम्र में लड़कियों की शादी कर देते हैं। वे पूरी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाती। अगर लड़कियां जितनी ज्यादा शिक्षा ग्रहण करेगी तो वे अगली पीढी को भी शिक्षित कर पाएंगी।

#### समाज में मानसिकता बदलने की जरूरतः निशा



निशा ने बताया कि महिलाओं व लड़कियों को अपने अधिकारों के लिए हमेशा आगे आना चाहिए ओर उनका सही दिशा में उपयोग कर एक सही दिशा में राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए क्यंकि महिलाओं के हाथ में एक नही तीन घरों का भविष्य होता है। कहा कि हमें अपनी बेटियों को इतना सक्षम बनाना चाहिए कि वे हर चुनौती का सामना कर सकें। सिर्फ सरकारी योजनाएं नहीं, बल्कि समाज में मानसिकता बदलने की जरूरत है।

## महिला सशक्तिकरण प्रगति का आधार

- महिला सशक्तिकरण केवल एक उद्देश्य नहीं, बल्कि समाज की प्रगति और समृद्धि का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र




डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेशर एआर चौधरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना यूटीडी इकाई 3 के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मास कम्युनिकेशन और मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि माथुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महिलाओं के संघर्ष, बलिदान और उनके योगदान को सराहा और कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक उद्देश्य नहीं, बल्कि समाज की प्रगति और समृद्धि का आधार है। हमें हर महिला की पहचान और उनके योगदान को स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. निधि माथुर ने कार्यक्रम अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें भाषण, कविता, वीडियो रील निर्माण, और ओपन माइक शामिल थे।

## जीवन की चुनौतियों का सामना करें : रेणू

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अद्भुत काव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने कहा कि जीवन में महिलाएं स्वयं को सशक्त एवं मजबूत बनाकर जीवन की चुनौतियों का सामना करें। समाज में महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है क्योंकि जब तक महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच समाप्त नहीं होगी तब तक महिलाओं का शोषण समाप्त नहीं होगा।



**कुरुक्षेत्र**। अद्भुत काव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

वे शुक्रवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा कुरुक्षेत्र विवि के महिला अध्ययन शोध केन्द्र के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अद्भुत काव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। रेनू भाटिया ने महिलाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं को जीवन में कठिनाइयों का डटकर सामना करना चाहिए। महिलाओं को किसी भी स्थिति में घबराना नहीं चाहिए।

#### भेदभाव समाप्त करें

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि लड़कियों के प्रति होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की जरूरत है। वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में देश के विकास के लिए अहम भागीदारी कर उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। महिला अध्ययन शोध केन्द्र की निदेशिका प्रो. अनिता दुआ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर केयू महिला शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी एवं प्रतिभागी मौजूद थे। अद्भुत काव्य प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विवि सहित गीता विवि तथा महर्षि मारकंडेय विवि के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## नवाचार विकसित भारत का आधार

- यूआईईटी संस्थान के विद्यार्थियों ने बनाई ईवी फारमूला रेसिंग कार
- कुलपति प्रो. ने किया विद्यार्थियों द्वारा निर्मित दो ईवी फारमूला रेसिंग कार का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। निरीक्षण करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। *फोटोः हरिभूमि*

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार विकसित भारत का आधार है। वर्तमान समय ईवी व्हीकल का है तथा भारत सरकार द्वारा 2030 तक पेट्रोल और डीजल वाहनों को फेजआउट करने का मिशन दिया गया है जिसके कारण बाजार में ईवी व्हीकल की डिमांड बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि फोसिल फ्यूल व्हीकल में लगभग 2हजार कम्पोनेंट होते हैं वहीं ईवी व्हीकल के अंदर केवल 20 कम्पोनेंट होते हैं।

वे शुक्रवार को यूआईईटी संस्थान में पांच दिवसीय ईवी सक्षम डिजाइन एंड डेवलपमेंट राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन अवसर पर यूआईईटी संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित दो ईवी फारमूला रेसिंग कार के निरीक्षण करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगराने विद्यार्थियों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास आने वाले समय में विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक जानने के अवसर प्रदान करेगा।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**कुरुक्षेत्र**। अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के 80वें वैचारिक वर्ष और 41वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 से 10 मार्च तक दुखभंजन मंदिर हॉल में किया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ स्वामी शंकरानंद , सचिव डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं डॉ प्रदीप टाकू, सहयोगी स्वामी रवि भारती, साध्वी मोक्षिता, डॉ सचिन्द्र कुमार व डॉ मनीश कुकरेजा ने बताया कि अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद की संकल्पना 18 नवंबर 1945 को हुई थी और बाद में 1956 में इसकी स्थापना हुई। स्थापना के बाद से यह योग और प्राकृतिक चिकित्सा के उत्थान और समाज के सभी वर्गों में इसके प्रसार के लिए काम कर रहा है।

## आयुक्त ने शौचालयों का किया निरीक्षण

- डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कमियों को दूर करने के दिए निर्देश, सफाई अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संभाली सफाई व्यवस्था की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि थानेसर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर के सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया है। इस निरीक्षण के दौरान जो खामियां पाई गई है उन्हें दुरुस्त करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है। अहम पहलू यह है कि नगर परिषद के सफाई अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की कमान संभाल ली है। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि नगर परिषद के सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अपने नगर परिषद को शीर्ष पर लाने के लिए अपने अपने क्षेत्रों में साफ सफाई के कार्यों का अवलोकन करे, और उनमें पाए जाने वाली खामियों को दुरुस्त करने का काम करे। शहर में पिपली बस स्टैंड, फ्लाईओवर के पास, नए बस स्टैंड के पास, पुराने बस स्टैंड के पास, किरमिच गेट के पास, थीम पार्क के पास, मल्टी आर्ट बिल्डिंग के पास पर स्थित शौचालयों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सभी शौचालयों में मूलभूत सुविधाओं के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए और स्थानीय लोगों से अपनी राय देने के लिए स्वच्छतम पोर्टल पर फॉर्म को भरने और सुझाव देने के लिए अपील की। इसके साथ नगर परिषद के अधिकारीगण ने लोगों से घरों के आस पास साफ सफाई के लिए भी अनुरोध किया तथा साथ ही यदि यहां सफाई की कमी मिलती है तो नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवाए।

### ख्वाबों की जिंदगी से बाहर आकर वास्तविक जीवन जीने की आदत डालें लड़कियांः प्रो. संतोष दहिया



**कुरुक्षेत्र**। आए दिन लड़कियों के साथ हो रहे बलात्कार और हत्याओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है और रोहतक के हिमानी नरवाल और उत्तर प्रदेश अनन्या साहनी हत्याकांडों ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ संतोष दहिया ने विश्वविद्यालय में अपने विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हुए बताया कि दोनों ही मामलों में प्रेमियों ने लिव इन में रहने वाली अपनी प्रेमिकाओं के साथ केवल बलात्कार और निर्मम हत्या ही नहीं की बल्कि उन्हें मार कर ब्रीफकेस में डालकर कहीं फेंक देना इस बात का प्रमाण है कि अब अपराध करने वालों की कोई सीमा नहीं रही। इस संकीर्णता के चलते वह किसी हद तक जा सकते हैं।

### कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विवि के सांस्कृतिक दल को बधाई दी

# ऑल इंडिया यूथ फेस्टिवल में कुवि रहा तृतीय

- नोएडा यूपी में आयोजित 38वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने 3 से 7 मार्च को एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा यूपी में आयोजित 38वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ओवर ऑल तीसरा स्थान हासिल कर चैम्पियन बना। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने 10 विधाओं में संगीत, नृत्य कला, ललित कला, साहित्य कला और नाट्य कला में कुवि का प्रतिनिधित्व किया था। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग राज्यों के 130 विश्वविद्यालय ने भाग लिया था। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने थियेटर में ओवर ऑल दूसरा स्थान हासिल किया। प्रोसेशन एवं हरियाणवी लोक नृत्य में कुवि की टीम दूसरे स्थान पर रही। हिंदी नाटक में द्वितीय, हास्य नाटिका में प्रथम, मूक अभिनय में विवि की टीम ने पहला स्थान हासिल किया।

#### *सांस्कृतिक दल को दी बधाई*

*लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सांस्कृतिक दल में आर्य कॉलेज पानीपत, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट तथा यूटीडी के छात्रों ने प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एआर चौधरी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष प्रो. जगदीश गुप्ता, उप-निदेशक डॉ. सलोनी दिवान, डॉ नीलू रानी, डॉ रामनिवास, डॉ अकरम, डॉ. हरविन्दर राणा ने भी सांस्कृतिक दल को इस उपलब्धि पर बधाई दी।*

## खबर संक्षेप

### छात्रों को दी लेखन की जानकारी

**अंबाल** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चल रही इंग्लिश राइटिंग स्किल्स वर्कशॉप में शुक्रवार को छात्रों ने इंग्लिश न्यूजपेपर के लिए लेखन व संपादन की स्किल्स के बारे में जाना। एमए इंग्लिश व बीए ऑनर्स के छात्रों को इंग्लिश प्रूफ रीडिंग के बारे में भी विस्तार से बताया। इंग्लिश विभाग की अध्यक्ष डॉ अंजू जगपाल ने बताया कि वर्कशॉप में मुख्य वक्ता ने छात्रों को व्यावहारिक तरीके से न्यूजपेपर के लिए लिखने व प्रूफ रीडिंग के बारे में बताया। वर्कशॉप की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ पूजा गोयल ने बताया कि वर्कशॉप में करीब एक सौ छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभाग के प्रो गुरविंदर सिंह ने छात्रों से परिचय करवाया व छात्रों को इस मौके पर अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. विनोद,प्रो. सुनील कुमार,प्रो. रेखा,प्रो. सरोज व सुभाष नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### नेशनल लोक अदालत आठ मार्च को

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन अंबाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत में निपटारा करवाना चाहता है तो वह न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है।

### 1192 केसों का हुआ निपटान

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के निर्देशानुसार सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत में एक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, आईसीआईसीआई, बीएसएनएल, बिजली बिल और अन्य सिविल केस 3076 केसों पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान 1192 मुकदमों का निपटारा किया गया। साथ ही 33721 की राशि का भुगतान किया गया।

### शिकायतों का तत्परता से किया जा रहा समाधान

**नारायणगढ़।** लघु सचिवालय स्थित कॉफ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्रि ने नागरिकों की समस्याएं सुनी व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और लोगों को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही हैं। विभागों द्वारा पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों पर एक्शन लेते हुए उनका समाधान किया जाए।

### कंबाइन से तेल चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** कंबाइन की टंकी से तेल व अन्य सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत के पीएसआई रवि कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बालु निवासी सोनु को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बालु निवासी राजेश कि शिकायत अनुसार 2 मार्च को वह शादी में गया था। उसकी कम्बाईन सुरेंद्र सिंह के मकान में खड़ी हुई थी।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** शगुन पैलेस सिरसल के निकट कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव पिलनी के उदय शर्मा ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 मार्च को जब विष्णु उर्फ जोनी रात को बाइक पर शगुन पैलेस के निकट से गुजर रहा था तो स्विफ्ट गाड़ी चालक ने कार को लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

# उमंग उत्सव में छात्रों ने जमाया रंग, शानदार प्रस्तुतियों से जमकर लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय उमंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. खुशीला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम प्राचार्या ने रिबन काटकर एवं सांस्कृतिक साहित्यिक समिति की संयोजिका प्रोफेसर रेनू कुमारी ने समस्त कॉलेज काउंसिल ने प्राचार्या को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन भाषण, रंगोली बनाना, वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता कराई गई एवं दूसरे दिन एकल गायन, एकल लोक नृत्य, समूह नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रोफेसर रेनू कुमारी एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्राचार्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य की एक से एक बढक़र प्रस्तुतियों को दिखाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने गेस्ट परफॉरमेंस में महिला प्रकोष्ठ द्वारा फरवरी में आयोजित सेल्फ डिफेंस प्रस्तुति एवं एनसीसी कैडेट्स ने ग्रुप डांस के माध्यम से अपना प्रदर्शन किया। प्राचार्या ने सराहना की विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थीयों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजकर उसे संवारने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें एक मंच प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाने का हमारा यही उद्देश्य है कि अपनी-अपनी योग्यता के अनुसार विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर पाएं।



नारायणगढ़ कार्यक्रम में रंग जमाने वाली छात्राएं शिक्षकों के साथ।

**प्रमाण पत्र देकर सम्मानित**

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की इंचार्ज प्रोफेसर रेनु कुमारी ने इस दो दिवसीय कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति में होने वाली गतिविधियों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र तबला प्लेयर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. प्रोफेसर देवेन्द्र ढींगरा ने अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित गया। मंच का संचालन कॉलेज काउंसिल की सदस्य डॉ. अपूर्वा चावला एवं समिति की सदस्य प्रो.अशिमा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्चरल समिति के सदस्य एवं महाविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

## जलभराव वाले क्षेत्र चिह्नित कर करवाए जाएं पानी निकासी के बंदोबस्त

# नाले-ड्रेनों की सफाई करने के आदेश जारी

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आगामी बरसाती सीजन को लेकर सेना व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। पानी निकासी को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को आगामी बरसाती सीजन का लेकर सेना व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को बरसाती सीजन से पहले ही नालों, ड्रेनों की सफाई करने के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी एरिया में बरसाती सीजन के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने नगर निगम, नगर परिषद्, सिंचाई विभाग, रेलवे विभाग, एनएचएआई, कैंटोननमेंट बोर्ड, पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से नाले व ड्रेनों की भी विस्तार से जानकारी ली।

साथ ही उनकी सफाई के कार्य की रुपरेखा भी तैयार की गई। उन्होनें यह भी कहा कि यह पहली बैठक है। उन्होंने कहा कि उन जगहों को चिह्नित किया जाए जहां बरसाती सीजन में जलभराव होता है। इसके बाद उस जगह पर बरसाती पानी की निकासी की प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि पानी निकासी को लेकर हर अवरोधक को दूर किया जाए। सफाई एजेंसी एवं विभाग द्वारा बेहतर समन्वय बनाकर ड्रेनों व नालों की सफाई को दुरूस्त करना हैं। उन्होंने आर्मी व रेलवे विभाग के अधिकारियों को भी कहा कि उनके क्षेत्रों के साथ के तहत जहां पर भी जलभराव की स्थिति रहती है उस जगह को चिह्नित कर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाएं। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे विभाग के अन्तर्गत आने वाले जो भी बांध है उनकी भी इंस्पेक्शन करें और जहां पर यदि बांध को मजबूत करने का कार्य किया जाना है उसे भी करें। बैठक के क्रम में सिविल अस्पताल अंबाला छावनी के नजदीक मरीजों के तमीरदारों के लिए धर्मशाला बनाने के निर्माण कार्य को लेकर, घरेलू हवाई अड्डा के बाहर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से करने , इसके लिए सडक़ों के चौड़ीकरण की रूपरेखा बारे, सूअर मंडी व बीडी फ्लोर के नजदीक आर्मी क्षेत्र में कनेक्टिविटी हेतू रास्ते को बनाने को लेकर तथा एजेंडे में रखे अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा करते हुए डीसी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि आर्मी क्षेत्र के तहत यदि किसी कार्य के लिए कोई रूप रेखा तैयार की जानी है तो इसके लिए जो भी औपचारिकताएं उन्हें पूरा किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में ब्रिगेडियर साकेत कुमार, एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एनएचएआई से पुलकित, डीएसपी रमेश कुमार के साथ-साथ रेलवे, कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे।



जींद। परीक्षा देने आए परीक्षार्थी।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर को रिलीव किया

- पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया है। हालांकि परीक्षा के दौरान नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है।

अब 11 मार्च को 10वीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। इससे पहले पांच मार्च हुई 10वीं कक्षा की एमएचवी म्यूजिक हिंदुस्तानी वोकल विषय की परीक्षा के दौरान उचाना में एक विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया था और उडऩदस्ता टीम द्वारा यूएमसी बनाई गई थी। वहीं तीन मार्च को हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान नरवाना में एक युवक दूसरे विद्यार्थी की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया था।

**लगातार निरीक्षण**

बोर्ड की तरफ से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी रवींद्र ने बताया कि पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया गया है। जबकि विद्यार्थियों की परीक्षा नकल रहित रही है। उडऩदस्ता टीम लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।

# बराड़ाः पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया

- उद्यमिता विकास किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने निभाता है अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रिंसीपल व अन्य।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा /"उद्यमिता विकास/" विषय पर पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना व कन्वीनर रितु अरोड़ा की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में एम.कॉम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उद्यमिता की प्रेरणादायक कहानियों, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा सरकार द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आर्थिक प्रगति के इंजन के रूप में कार्य करता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता में निकिता ने प्रथम स्थान, कोमल ने द्वितीय स्थान और रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सरकार के आदेश जारी

# राजेश बने मंत्री के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला



राजेश कुमार हरियाणा सिविल सचिवालय में मंत्री सचिव के पद पर पदोन्नत*चंडीगढ़, 7 मार्च हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार, हरियाणा सिविल सचिवालय के राजेश कुमार को मंत्री सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है।

हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से उनके प्रमोशन के आदेश जारी किए। श्री राजेश कुमार ने 8 अगस्त 1995 को सरकारी सेवा में प्रवेश किया था और वर्तमान में वे मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री वीरेन्द्र सिंह के निजी सचिव (PS) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, वे 2019 से 2024 तक हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला और 2014 से 2018 तक मुख्यमंत्री के ओएसडी कैप्टन भूपेंद्र सिंह के साथ कार्य कर चुके हैं।श्री कुमार को उनकी जनसेवा के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए जाना जाता है। सचिवालय में वे अपनी मिलनसार और सौम्य मुस्कान के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी इस पदोन्नति से प्रशासनिक सेवा में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करें

- बच्चों को नहर से निकालने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




कैथल। डीसी प्रीति नौच के निकट नहर में गिरी बस से बच्चों को बचाने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीसी प्रीति ने गत माह एक स्कूल बस के हांसी-बुटाना नहर में गिरने के हादसे में बच्चों को नहर से निकालने वाली तीन महिलाओं को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व एक कंबल देकर प्रोत्साहित किया। डीसी ने तीनों महिलाओं की सराहना की।डीसी ने तीन महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि बच्चों को बचाने में महिला होते हुए उन्होंने जो हिम्मत दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। संकट के समय बच्चों को मदद मिलने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

### कैथलः जन औषधि दिवस मनाया

कैथल। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र वाल्मीकि चौक नियर हिंद सिनेमा पर जन औषधि दिवस मनाया गया। इसका संचालन दुकान के मालिक पंकज नारंग ने किया और लोगों से अपील की कि हमारे यहां अच्छी क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड नंबर 26 के पार्षद वीरेंद्र बत्रा और उनके साथ सतपाल भारद्वाज और संजय सचदेवा व शिवम ने शिरकत की और इन सब ने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई हर प्रदेश में जन औषधि केंद्र की दुकानों पर हर प्रकार की जेनेरिक उच्च क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर मिलती हैं।

# ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें

- डीसी ने यातायात पुलिस को विशेष रूप से चालान मशीन उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



लघु सचिवालय परिसर में आने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएंगे। डीसी प्रीति ने यातायात पुलिस कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा फंड से एक चालान मशीन खरीद कर देने के भी निर्देश दिए हैं। विदित रहे कि डीसी प्रीति ने पिछले माह लघु सचिवालय परिसर में बिना हेलमेट के आने वाले वाहन चालकों, नियमों का उल्लंघन करके लघु सचिवालय में आने वाले कर्मचारियों व कार में बिना सीट बेल्ट व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। संबंधित कर्मचारियों की सूची बनाकर यातायात पुलिस कर्मचारियों को डीसी कार्यालय को अवगत करवाने के निर्देश जारी किए गए थे।

**कार्यक्रम** डीएवी कॉलेज ने कांवला-जंडली गांव में लगाया एनएसएस शिविर

# पांच गुणों को धारण करने से हर बच्चे का सुधर सकता है जीवनः डॉ. परमार

युवा राष्ट्र का भविष्य और उन पर देश व समाज के विकास की नैतिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला






अंबाला। एनएसएस शिविर के दौरान छात्र व पौधारोपण करते डॉ. आरएस परमार । फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के एनएसएस यूनिट द्वारा गांव कांवला, जंडली के राजकीय वमावि में एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन शिविर की शुरुआत योग आसन से करवाई गई जिसमें एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर व मैथ्स की अध्यापिका प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा ने छात्रों को विभिन्न तरह के योग आसन करवाए व योग आसन से होने वाले लाभों की जानकारी दी। तत्पश्चात स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें कॉलेज प्राचार्य राजीव महाजन , उप-प्राचार्य डॉ आरएस. परमार , एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर्स डॉ. प्रियंका चौधरी , स्कूल के शिक्षकों अमित छबड़ा, मल्लिका व नीतू ने मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान 50 पौधों को रोपित किया गया। उप-प्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने बच्चों को राष्ट्र निर्माण में युविकाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति, कर्तव्य बौद्धिता व एकाग्रता जैसे गुणों को विकसित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र का भविष्य है और उन पर देश व समाज के विकास की नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने सटीक उदाहरणों से छात्रों को देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को समझने के लिए उत्साहित किया। शिव जो मोटिवेशनल स्पीकर है उन्होंने भी बच्चों को अपने जीवन में पांच गुणों को धारण करने के लिए कहा जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है और साथ में उनके परिवार भी ऊपर ऊंचाइयों तक जा सकता है। अपने देश को आगे ले जाने के लिए उन्होंने जो जो गुण बताएं वह पांच गुण हैं- पर्यावरण संरक्षण,परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध और स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करना।

इसके बाद शिव ने बच्चों को अपना व्यवसाय खोलने के लिए भी विभिन्न प्रकार के उपायों से अवगत करवाया और अंत में उन्होंने बच्चों के निर्णय लेने की क्षमता को जांचने के लिए प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया जिसमें उन्होंने सभी बच्चों को दो टीम से विभाजित किया और संख्या बनाने की कला पर जोर दिया।



कैथल। महिला थाना प्रभारी वीपा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### दुर्गा शक्ति एप के बारे दी जानकारी

**कैथल।** समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत महिला थाना एसएचओ एसआई वीना द्वारा आईजी कालेज कैथल में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान महिला एसएचओ द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दूर्गा शक्ति ऐप व दूर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है।

### एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मेरे भारत के लिए युवा विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की अवधारणा को समझना और युवाओं की इसमें भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम अधिकारी डा. निशु गुप्ता ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नही बल्कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सशक्त मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में डिजिटल जागरूकता और सेवा भाव से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।